कार्यालय :— जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
Telephone No. 07856-252545 Fax No. 07856-252021 E-mail id dantewada.court@nic.in

सूचना

क्रमांकः— क्यू/चयन समिति/2023 दंतेवाड़ा दिनांक 12/12/2023

कार्यालय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के **कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा एण्ट्री आपरेटर एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट)** के रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन की शर्तो के अनुसार साक्षात्कार एवं द्वितीय चरण कौशल परीक्षा निम्नानुसार लिया जायेगाः—

परीक्षा की समय सारणी

परीक्षा का नाम	परीक्षा केन्द्र का नाम	परीक्षा का दिनांक व दिन	परीक्षा का समय
साक्षात्कार भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट)	कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	17.12.2023 रविवार	प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक
कौशल परीक्षा कार्यालय सहायक/क्लर्क	कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	18.12.2023 सोमवार	प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक
कौशल परीक्षा रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट)	कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	18.12.2023 सोवार	दोपहरः 12:30 बजे से 02:30 बजे तक

परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देशः—

1. विज्ञापन की शर्त के अनुसार कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) की कौशल परीक्षा/साक्षात्कार का कुल 15 अंक निर्धारित है। कार्यालय सहायक/क्लर्क पद हेतु कौशल परीक्षा हेतु 250 अंक निर्धारित। उम्मीदवारों को 100 शब्द की गति से 05 मिनट का हिन्दी श्रुत लेख दिया जावेगा जिसे 45 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कंप्यूटर पर टाईप करना होगा। रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) पद हेतु कौशल परीक्षा हेतु 125 अंक निर्धारित है। 250 शब्दों के गद्यांश को 10 मिनट की समयावधि में कंप्यूटर पर टाईप करना होगा।

2. परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक को अपनी पहचान के संबंध में आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र/पासपोर्ट इत्यादि आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।

3. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

4. प्रवेश पत्र का प्रारूप अपलोड किया गया है, जिसे डाउनलोड कर परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आएगें। पृथक से प्रवेश—पत्र नहीं भेजा जावेगा।

5. पंजीयन क्रमांक तथा अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेबसाईट से प्राप्त करें। परीक्षार्थी परीक्षा में केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोग करेंगे।

6. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चस्पा करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी अपने साथ एक अतिरिक्त फोटो आवश्यक रूप से लावें।

7. परीक्षार्थी को परीक्षा के दिन पर्यवेक्षक के समक्ष ही प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर करना होगा।

8. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ एवं पेन ड्राइव आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परीक्षार्थी द्वारा लाये गये समान के रख रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

दिनांक 12.12.2023

12/12/2023

अध्यक्ष
चयन समिति,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा